सार-समाचार

रैली निकालकर विरोध जताया, दिया ज्ञापन

तारानगर, (निसं)। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति ने सोमवार को तारानगर में विरोध रैली निकाल कर विरोध जताया। विद्युत निगम से रवाना हुई रैली नगरपालिका, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर धरना देकर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद समिति ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर निजीकरण बंद करने की मांग की। कॉमरेड निर्मल कुमार ने बताया कि विद्युत क्षेत्र में उत्पादन प्रसारण एवं वितरण में भिन्न भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर किए जा रहे अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाई जाए परंतु विद्युत प्रशासन द्वारा इन्हें रोकने पर अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जा रहे अगर यही हाल रहा तो संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन को ओर तेज किया जायेगा इस मौके पर सहायक अभियंता, शशिकांत कुलड़िया कॉमरेड निर्मल प्रजापत, कनिष्ठ अभिनता ओम प्रकाश, अनिता चौधरी, लालचंद, हरिसिंह, बजरंग शर्मा, नरेन्द्र, रामानंद पारीक, सुभाष, महेन्द्र पवन, धर्मेन्द्र सिंह जयप्रकाश, पलवी वर्मा, सुनिता, शंकर , महावीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

विधायक भांबू ने की धनखड़ से मुलाकात

झुंझुनूं,(निसं)। झुंझुनूं के नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र भांबू जयपुर दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करने के बाद झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू आरटीडीसी के पूर्व चैयरमेन रणदीप धनखड के जयपुर स्थित आवास पर पहुंचे। जहां शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आरटीडीसी के पूर्व चैयरमेन रणदीप धनखड ने राजेंद्र भांबू को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही दोनों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान दोनों को बीच झुंझुनूं के विकास को लेकर लंबी चर्चा भी हुई। भांबू ने बताया कि सबको साथ लेकर चलना और झुंझुनूं का विकास करना ही उनकी पहली प्राथमिकता रहेंगी। गौरतलब है कि झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के राजेंद्र भांबू ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया है।

संविधान दिवस पर संगोष्ठी आज

चूरू, (का.सं.)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में संविधान दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, सूचना जनसंपर्क विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राजकीय विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को सवेरे 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित राजकीय विधि महाविद्यालय में प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय ने बताया कि संविधान दिवस के उपलक्ष में संविधान निर्माण, संविधान सभा तथा संविधान से संबंधित रोचक तथ्योंष को लेकर प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसी के साथ संविधान दिवस से संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के सैनी ने प्रदर्शनी एवं गोष्ठी में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है।

मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को दिया

पाटन, (निसं)। राजस्थान विधुत संयुक्त संघर्ष समिति के आ ान पर पाटन विधुत कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने एक दिवसीय कार्य का बहिष्कार करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को तथा ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन सहायक अभियंता नरेश सिंह नरूका को सोंपा। पाटन अध्यक्ष जयराम वर्मा ने बताया कि विद्युत निगम निजीकरण को बंद करे, ठेका प्रथा निरस्त करे, जीपीएफ कटौती शुरू करने एवं निगम में 50 हजार स्थाई कर्मचारियों की भर्ती सहित अन्य श्रमिक मांगों को लेकर कर्मचारियों ने ज्ञापन सोपा है। कर्मचारियों में भारी आक्रोश है क्योंकि सरकार निजीकरण कर कर्मचारियों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है, अगर सरकार ने मांगों को नहीं माना तो जिला मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन 29 नवंबर को किया जाएगा। इस दौरान अजय सिंह तंवर, संदीप यादव, विकास, विक्रम सिंह, कौशिक, राजाराम, हंसराज, श्याम सुंदर, रणजीत सैनी, महेश सैनी, कृष्ण, संदीप शर्मा, राकेश यादव, सतीश गुर्जर, योगेश, राजा, बबलू ,चरण सिंह, मनोज, कुलदीप, सहित समस्त विद्युत कर्मचारी शामिल रहे।

भाजपा शहर मण्डल चुनाव पर्व की मीटिंग का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल पर चुनाव पर्व की पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया के निवास स्थान पर मीटिंग आहुति की गई। जिसमें जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी पधारे। सोमवार शाम पांच बजे दी जानकारी में बताया कि मीटिंग में जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी ने संगठन चुनाव के बारे में विस्तार से बताया। नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप अत्रि की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में संबोधन किया गया। जिसमें चंद्राराम गुरी को सादुलपुर शहर की भाजपा मंडल की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया गया। मीटिंग में पूर्व प्रधान विमला पूनिया, विवेक पूनिया, पार्षद पति राजेंद्र बिजारणिया, पार्षद प्रतिनिधि अनुराग पूनिया, मुस्ताक प्रधान, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बाबू खां बिसायती, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। ।

लालगढ़ में क्षतिग्रस्त सड़क से उड़ने वाली धूल से ग्रामीण हो रहें हैं परेशान

लालगढ के ग्रामीणों ने सड़क की समस्या से परेशान होकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

- एसडीएम को ज्ञापन देकर की सडक पर नियमित पानी का छिडकाव करवाने की मांग

खेतडी,(निसं)। खेतडी उपखंड के लालगढ के ग्रामीणों ने सडक की समस्या से परेशान होकर सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने ओवरलोड डंपरों के संचालन को बंद करने तथा क्षतिग्रस्त सडक पर नियमित रूप से पानी का छिडकाव करवाने की मांग की है। एसडीएम बंशीधर योगी को दिए ज्ञापन में बताया कि पपुरना से लालगढ जाने वाली सडक गांव से खनन क्षेत्र में जाती है। सडक से रोजाना सैकडों ओवरलोड डंपरों के गुजरने से सडक क्षतिग्रस्त हो गई है। सडक के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन उडने वाली धूल से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पडा है। ग्रामीण पिछले कई दिनों से प्रशासन से सडक को दुरस्त कराने व ओवरलोड नंबरों के संचालन पर रोक लगाने की मांग कर चुके है, लेकिन प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं होने से ग्रामीण काफी परेशानी उठा रहे हैं। ओवरलोड डंपरों का संचालन अधिक होने से सडक में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं तथा कई जगह तो सडक का नामोनिशान ही मिट चुका है। सडक से उडने वाली धूल - मिट्टी से ग्रामीणजन सांस की बीमारी से पीडित हो रहें है। ग्रामीण बाबूलाल ने बताया कि क्षतिग्रस्त सडक से उडने वाली धूल लोगों को गंभीर बिमारियों का शिकार बना रही है। सडक का निर्माण कार्य चालू नहीं होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा है। सडक क्षतिग्रस्त होने से आए दिन ग्रामीण व राहगीर हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द ही प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीणों की ओर से उपखंड कार्यालय के सामने भी आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम बंशीधर योगी ने आमजन की समस्या को देखते हुए जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी, रेहान कुरैशी, अभिषेक सैनी, विष्णु नायक, सुरेश कुमार सैनी, विक्रम सैनी, योगेश सैनी, प्रकाश सैनी, जितेंद्र, दिपांशु, कर्ण सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

'सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास जरूरी'

चूरू,(का.सं.)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और उनके परिवारों में अंधेरा छा जाता है। इसलिए हम सभी को सड़क हादसों की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए।जिला कलेक्टर सोमवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर थे। सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सभी को आपस में समन्वय स्थापित कर लोगों की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। इस दिशा में आमजन की जागरुकता भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। लोगों को जागरुक करने के लिए भी अभियान चलाए जाने चाहिए।इस दौरान यातायात प्रभारी सुभाष चंद, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, एडीपीआर कुमार अजय, रोजगार विभाग की सहायक निदेशक वर्षा जानू, विनोद कुमार, कन्हैयालाल ,पीयूष पाणी आदि मौजूद थे।

दिव्यांगजन, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण लोग है : सुण्डा

- पंचायत समिति सभागार नवलगढ़ में दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर का आयोजन हुआ
- शिविर में चिकित्सा विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं कृत्रिम अंग उपकरण हेतु आवेदन पत्र तैयार करवाए

झुंझुनूं,(निसं)। आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव निदेशालय विशेष योग्यजन राजस्थान जयपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने हेतु संयुक्त सहायता योजनान्तर्गत कृत्रिम/सहायक उपकरणों से लाभान्वित किये जाने हेतु ब्लॉकवार शिविर पंचायत समिति मुख्यालयों पर आयोजित किये जाने है। इस क्रम में सोमवार को सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक पंचायत समिति सभागार नवलगढ में दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं कृत्रिम अंग उपकरण हेतु आवेदन पत्र तैयार करवाए गए। शिविर में कुल 38 दिव्यांगजन उपस्थित हुए जिनमें से 14 दिव्यांगो को निःशक्तता प्रमाण पत्र जारी किए गए एवं कृत्रिम/सहायक उपकरणों हेतु 6 ट्राईसाईकिलन/वैसाखी/श्रवण यंत्र इत्यादि के आवेदन पत्र तैयार करवाए गए एवं 8 पालनहारों के वार्षिक सत्यापन करवाये गये। निःशक्तता प्रमाण पत्रों का वितरण पंचायत समिति प्रधान दिनेश सुण्डा द्वारा किया गया। इस दौरान चिकित्सा विभाग से चिकित्सक डॉ. सुरेश भास्कर, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सुधीर चौधरी, डॉ. शंकर लाल व डॉ. सचिन कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से जयकरण सिंह बुडानिया सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, बलवंत कुलदीप, दीक्षान्त शर्मा, अजय सिंह व प्रभुदयाल, पंचायत समिति से पूरणचंद सहायक लेखाधिकारी, राजेन्द्र सहायक लेखाधिकारी, संजय, सुरेन्द्र, राजेश ठठेरा, सुमित तथा पार्षद अदनान खत्री व पंचायत समिति सदस्य सुभाष लाम्बा चेलासी, परसरामपुर सरपंच करणीराम झाझड, सरपंच रामस्वरूप सैनी, नवलडी सरपंच प्रतिनिधि विद्याधर, रामपुर सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह, खिरोड सरपंच महावीर प्रसाद भामू आदि मौजूद रहें।

अनियंत्रित होकर खाई में गिरी गाड़ी, तीन घायल

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी से नीमकाथाना जाने वाली सड़क पर सोमवार सुबह एक गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार एक महिला सहित तीन जने घायल हो गए। हादसे में दो घायलों की हालत गंभीर होने पर नीमकाथाना रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मुकुंदगढ निवासी अभिमन्यु (12) पुत्र अनिल, उषा (28) पत्नी अनिल अपनी रिश्तेदारी में शामिल होने के लिए खेतड़ी के लूणा की ढाणी आए हुए थे। रविवार को अभिमन्यु, उषा व खेतड़ी निवासी कैलाश पुत्र कालूराम गाड़ी में सवार होकर लूणा की ढाणी से सेफरागुवार बारात में गए थे। सुबह जब वापस सेफरागुवार से अपने घर लूणा की ढाणी लौट रहे थे तो गांव पहुंचने से कुछ दूर पहले ही अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी करीब दस फीट खाई में गिर गई।

गहलोत सरकार में किये कार्यो की गिनाई उपलब्धि

- रजिया गहलोत का कार्यकाल हुआ पूरा, कार्मिको, पार्षदों व पूर्व पालिका अध्यक्षों ने किया अभिनंदन

सादुलपुर, (निसं)। नगर पालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत का पांच वर्ष का कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया तथा सोमवार शाम चार बजे पार्षदों, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षों और पालिका कार्मिकों ने उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर रजिया गहलोत ने कहा कि उन्होंने पांच वर्ष तक शहर के विकास सहित कोरोना काल में भी जनहित ओर विकाश के काम को बाधित नहीं होने दिया। तथा सरकार की योजना अनुसार जरूरतमंद लोगों को पांच हजार पट्टो का वितरण कर लोगो को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि शहर की गांधी पार्क सहित सभी पार्कों का जीर्णोद्धार करवाने के साथ-साथ बस स्टैंड का निर्माण करवाया है। गहलोत ने कहा कि वार्ड नंबर 26 में गंदे पानी की निकासी व्यवस्था के लिए टेंडर जारी हो गए हैं तथा शीघ्र उनका काम भी शुरू हो जाएगा।

गहलोत ने कहा कि नगर पालिका में लगातार अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त रहने के कारण विकास कार्य बाधित भी हुआ है, साथ ही कोरोना काल में कार्यबाधित हुआ, जिसका उनका बडा दुख है, उसके बावजूद बहुत से विकास करवाये गये, तथा पांच हजार से अधिक पटटे दिये। गहलोत ने कहा कि जाने अनजाने में गलती हुई हो तो माफी चाहती हूं। इस मौके पर सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियाज मोहम्मद ने पांच साल तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग के लिए सभी आभार जताया।

एलन सीकर की नीट ऑल इंडिया टॉपर प्राचिता को दिया 21 लाख का पुरस्कार

नीट में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर छात्रा प्राचिता को 21 लाख रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट से पुरस्कृत किया गया ।

- एलन सीकर ने मनाया वार्षिक उत्सव सारंग

सीकर, (निसं) । एलन सीकर का वार्षिक उत्सव सारंग सूजन कैम्पस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

कार्यक्रम में एलन सीकर हेड सुरेन्द्र सहारण ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें आने वालो चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित किया। साथ ही, उन्होंने एलन सीकर के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि संस्थान ने हमेशा छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा और अवसर प्रदान किए हैं। सहारण ने बताया की पिछले जेईई व नीट (यूजी) के 12 परिणामों में से 10 परिणामों में एलन सीकर ने सीकर टॉप किया है जिसमें एक आल इण्डिया टॉपर भी है।इस अवसर पर कक्षा 6 से 10 के उत्कृष्ट छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें छात्र-छात्रओं को सिल्वर मेडल, मोमेन्टो, गिफ्ट किट और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नीट में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर छात्रा प्राचिता को 21 लाख रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट से पुरस्कृत किया गया।

नीट में ऑल इण्डिया रैंक 94 प्राप्त करने पर छात्र उज्जवल कुमार को 2 लाख रूपये, ईशा कुमावत (एआईआर 198) को 51 हजार रूपये, इशित काचोलिया (एआईआर 203), मयंक सुधार (एआईआर 249) व प्रत्यक्ष (एआईआर 271) को 21-21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मैडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट देकर सम्मानित किया गया। मेडिकल के साथ-साथ जेईई एडवांस में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। हिमांशु (एआईआर 74) को 3 लाख रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट देकर सम्मानित किया गया। अंकित (एआईआर 71), नक्षत्र सिहोटिया (एआईआर 337), विष्णु (एआईआर 407), दीपांशु ओलख 408), हर्षित कालेर (एआईआर 422) को 21-21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट देकर सम्मानित किया। इस दौरान एलन सीकर के सेन्टर हैड सुरेन्द्र सहारण, एलन झुंझुनू सेन्टर हैड मदन छाबा, एलन सीकर के आईआईटी डिवीज़न हैड आशुतोष कौशिक, मेडिकल डिवीजन हैड ऋषभ शर्मा, पोएनसीएफ हैड अनिल बेरड़, एलन सृजन कैंपस प्रिंसिपल प्रमेन्द्र शेखावत और एलन झुंझुनू पीएनसीएफ डिवीजन हैड मौजूद रहे।पीएनसीएफ डिवीज़न हैड अनिल बेरड़ ने बताया की छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अकादमिक में भी शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें विद्यार्थीयों ने नेशनल लेवल के ओलम्पियाडस में अनेक मेडल व सर्टिफिकट प्राप्त किये है। जिसमें जतिन चाहर व प्रियांशु कटेवा ,श्रेया व यशराज बिजारणिया (ओसीएससी कैम्प) को 1-1 लाख रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही राघव शर्मा को 51 हजार रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट देकर सम्मानित किया गया और गौरव घायल को 21 हजार रूपये का नगद पुरस्कार, सिल्वर मेडल, मोमेन्टो व गिफ्ट किट देकर सम्मानित किया गया।

माकपा ने प्रदर्शन कर न्यायिक अधिकारी से जांच कराने की मांग की

- झुंझुनूं में राजकीय बीडीके अस्पताल में जिंदा युवक का पोस्टमार्टम का मामला

झुंझुनूं, (निसं)। माकपा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राजकीय बीडीके अस्पताल में जिंदा युवक को मृत बताकर फर्जी पोस्टमार्टम कर शमशान भेजने के मामले में जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर मामले की जांच न्यायिक अधिकारी से करवाने की मांग की है। डीवाईएफआई के तहसील सचिव योगेश कटारिया ने बताया कि मृतक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में अस्पताल लाया गया था। हमें शक है कि युवक के साथ मारपीट की गई थी, बेहोश होने पर उसे भर्ती करवाया गया था। संस्था संचालन की जांच करवाई जाए। जानकारी के अनुसार मां सेवा संस्थान के बगड़ स्थित आश्रय गृह में रहने वाले मंदबुद्धि युवक रोहिताश (25) की 21 नवम्बर की दोपहर को तबीयत बिगड़ गई थी। उसे राजकीय बीडीके अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। बीडीके अस्पताल के डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम के लिए बॉडी का मॉर्च्युरी में रखवा दिया था। इसके बाद पुलिस को बुलाकर पंचनामा बनाया गया और शव को एंबुलेंस की मदद से श्मशान घाट ले जाया गया। यहां रोहिताश की बॉडी को चिता पर रखा तो उसकी सांसें चलने लगी और शरीर हिलने लगा था। यह नजारा देखकर वहां मौजूद सभी लोग एकबार तो डर गए थे। इसके बाद तुरंत एंबुलेंस बुलाकर रोहिताश को वापस अस्पताल लाया गया था। कुछ घंटे बाद युवक को गंभीर हालात में जयपुर रैफर कर दिया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने तीन डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया था। मृतक युवक की पहचान झुंझुनूं पुलिस के लाइन के पास रहने वाले बीरबल (22) पुत्र मांगीलाल जोधपुरिया के रूप में हुई थी। वह मानसिक रूप से विमंदित था। उसके पिता मांगीलाल का निधन हो चुका है। मां देखभाल करती थी। जनवरी 2024 में बीरबल घर से निकल गया था। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। उसका कोई पता नहीं चल पाया था। 28 सितंबर को बगड़ थाना पुलिस ने उसे आदर्श नगर स्थित विमंदित पुनर्वास केंद्र में छोड़ा था। तब से वह पुनर्वास केंद्र में ही रह रहा था। मामले सामने आने के बाद मृतक युवक के भाइयों व अन्य रिश्तेदारों ने उसकी पहचान की थी। इस दौरान महिपाल पूनिया,विजय यादव, रामचन्द्र, दीपक, कृष्ण, बिलाल सहित मृतक युवक के परिजन मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपरिषद झुन्झुनूं

Email – jhunjhunu.jaipur@gmail.com

क्रमांक : न.प.झु./2024-25/9404 दिनांक : 20.11.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् झुन्झुनूं क्षेत्र ODF++ घोषित किया जा रहा है। अतः क्रमांक व 8 (ग) (ठोस अपशिष्ट) नियम/डीएलबी/19/26213 जयपुर दिनांक 12.04.2019 के अनुसरण के तहत निम्नलिखित कृत्य पाये जाने पर अंकित जुर्माना वसूल किया जावेगा रू.

क. स.	कृत्य	जुर्माना राशि
1.	दुकानदारों/होटलो/रेस्टोरेंन्ट मालिको द्वारा कचरा रोड /गली में डालने पर	500–1000/– प्रतिदिन
2	रहवासीयों भवनों के निवासीयों द्वारा रोड/गली में कचरा फैलाने पर	75/– प्रतिदिन
3	दुकानदारों को बिना कचरा पात्र पाये जाने पर	500/– प्रतिदिन
4	प्लास्टिक कैरी बेग का उपयोग करते पाये जाने पर	75/– प्रतिदिन
5	बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा जनित्र बायोडिग्रेडेबल वेस्ट को उनके परिसर में उपचारित (Tretment / self composting) नही किये जाने पर	3000/– प्रतिदिन
6	खुले में नहाने /पैशाब/शौच/थुकने पर	100–200/– प्रतिदिन
7	किसी भी निजी खाली प्लाट/भूमि पर कचरा /गोबर पाये जाने पर	2500/– प्रतिदिन
8	कचरा जलाने पर	200/– प्रतिदिन
9	सुखा कचरा , गीला कचरा अलग नही करने पर	100/– प्रतिदिन
10	अपने मकानों, संस्थानों ,दुकानों का गन्दे पानी का निकास आम रास्ते में करने पर	2500/– प्रतिदिन
11	घरों मे कचरा पात्र में इक्कठा नहीं किये जाने पर	100/– प्रतिदिन
12	पालतु जानवरों के मालिकों द्वारा पालतु जानवरों से कचरा फैलाने व खुले मे शौच कराने पर	100/– प्रतिदिन
13	निजी मकान दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा व सामग्री सरकारी भुमि मे डालने पर	500/– प्रतिदिन
14	विवाह स्थल द्वारा बाहर कचरा डालने पर	3000/– प्रतिदिन
15	आम रास्ते पर खुले में या टेन्ट लगाकर मांस – मछली पकाने व अंश रास्ते पर डालने पर	2000/– प्रतिदिन
16	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्तो पर गन्दगी, बाल इत्यादि डालने पर	250/– प्रतिदिन

राज.संवाद/सी/24/8250 आयुक्त

विद्युत निगम कार्मिकों ने किया धरना प्रदर्शन

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आ ान पर विद्युत क्षेत्र में उत्पादन प्रसारण एवं वितरण निगम में भिन्न-भिन्न प्रक्रिया एवं मॉडल के नाम पर किए जा रहे अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर 01 बजे तक कार्मिकों ने धरना देकर विरोध जताया तथा मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम निगम के सहायक अभियंता शहरी और ग्रामीण को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कार्मिकों की ईपीएफ कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती शुरू करने की मांग की गई एवं निगम में स्थाई कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग को लेकर आक्रोश जताया। इस मौके पर विद्युत मजदूर कांग्रेस, विद्युत श्रमिक महासंघ, विद्युत तकनीकी कर्मचारी संगठन, पॉवर इंजीनियरिंग एसोसिएशन, विद्युत लेखाकार संघ, विद्युत मंत्रालय कर्मचारी संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का तीन दिवस में निस्तारण करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

- साप्ताहिक बैठक में अनुपस्थित रहने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

सीकर ,(निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को तीन दिवस में निस्तारण करने के निर्देश दिये ।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल, ई-फाईल डिस्पोजल में समय कम लगाने के संबंध में निर्देशित किया तथा जिन विभागीय अधिकारियों का डिस्पोजल टाईम 15 घण्टे से अधिक आ रहा हैं, उन सभी को कारण बताओं नोटिस जारी करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के संबंध में सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की भू आवंटन की प्रगति अपलोड़ करवायें। उन्होंने बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, सीएचसी, पीएचसी के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही करने, अधीक्षण अभियन्ता जलदाय को पेयजल के समुचित प्रबंध रखते हुए पानी के लिकेज दुरस्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि खण्डेला क्षेत्र में समर कंटीजेंसी के पेयजल कनेक्शन करवाने के साथ ही कृषकों को कृषि कनेक्शन प्राथमिकता से करने, कृषि विभाग को किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता रखने के बारे में निर्देशित किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तर पर 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शनी, जिला दर्शन पुस्तिका विमोचन, महिला सम्मेलन,युवा सम्मेलन, किसान सम्मेलन सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके संबंध में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण बैंकों से स्वीकृत करवाने, स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य में गति लाने, श्री इंदिरा रसोई में भोजन की गुणवत्ता की जांच करने तथा अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक माह समस्त बैंकर्स की बैठक लेकर पीएम स्वनिधि योजना में आवेदकों को ऋण स्वीकृत करवायें ताकि वे अपना स्वरोजगार स्थापित कर सके। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, औषधि नियंत्रण अधिकारी को कोचिंग संस्थाओं के आस-पास मादक प्रदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने तथा पेंशनर्स के वन विभाग के 1, सीएमएचओं के 4, नगर परिषद 3 सहित अन्य विभागों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा कंटेंप्ट आफ कोर्ट के मामलों में रिप्लाई फाइल करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के सीईओ राजपाल यादव, सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरूण जोशी,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी चुन्नी लाल भास्कर, संयुक्त निदेशक डीओआईटी एसएन चौहान, सहायक निदेशक पूरणमल,नगर परिषद आयुक्त शशीकांत शर्मा, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, सीपीओ अरविन्द सामौर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।